खबर संक्षेप

## सांसद के प्रयासों से एक मरीज को मिली आर्थिक सहायता

**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से आर्थिक सहायता के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले के एक जरूरतमंद मरीज को सहायता राशि स्वीकृत की गयी है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जुन्नारदेव के ग्राम निमोटी निवासी नेमीलाल पिता भवूत कहार ने सांसद बंटी विवेक साहु से मुलाकात कर बीमारी हेतु आर्थिक सहायता के लिए गुहार लगायी थी। जिस पर सांसद श्री साहु ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से आर्थिक सहायता के तहत राशि स्वीकृत करने के लिए पत्र प्रेषित करते हुए तत्काल ही राशि उपलब्ध कराने के लिए लिखा था। जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय भोपाल से त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम निमोटी निवासी नेमीलाल पिता भवूत कहार को 60 हजार की राशि स्वीकृत की गयी है। राशि स्वीकृत होने पर जरूरतमंद मरीज ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सांसद बंटी विवेक साहु का आभार व्यक्त किया है।

## ग्रामवासियों को दिलाई जल संरक्षण की शपथ

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं हर्रई विकासखंड समन्वयक श्री आशीष नेमा के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड हर्रई के ग्राम रातेर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया एवं ग्रामवासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। जल गंगा संवर्धन अभियान के शपथ कार्यक्रम में मेंटर्स अखिलेश इनवाती एवं बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के छात्र/छात्राओं और अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## प्रवेश हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**छिंदवाड़ा।** इंदिरा गांधी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय छिन्दवाड़ा के प्राचार्य श्री एस.एस.बघेल ने बताया कि इंदिरा गांधी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिये अर्हकारी परीक्षा 10वीं के आधार पर प्रथम चरण की काउंसलिंग के रजिस्ट्रेशन डीटीई के एमपी ऑनलाईन पर प्रारंभ हो चुके है।

## कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा

# लापरवाह निर्माण एजेंसियों पर होगी कार्यवाही: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। यह बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई थी जिसमें प्रथम सत्र में सड़क संबंधी विभागों में लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण, एम.पी.आर.डी डेव्लपमेंट कॉर्पोरेशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि के अधिकारियों के साथ प्रगतिरत एवं नवीन स्वीकृत कार्यों में प्रगति की समीक्षा की गई, तो वहीं दूसरे सत्र में भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित विभागों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल निगम, पी.आई.यू., हाउसिंग बोर्ड, म.प्र. भवन विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग, म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, ट्राइबल व शिक्षा विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी विभागों को सख्त निर्देश दिये कि सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरे हों।

**लापरवाह ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश -** कलेक्टर श्री सिंह ने सड़क निर्माण से संबंधित विभागों की समीक्षा के दौरान स्पष्ट रूप से कहा कि सड़क निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलता है, इसलिए सभी विभाग समय-सीमा का पालन करते हुए गुणवत्ता पूर्ण कार्य करें। उन्होंने कार्यवार प्रगति की गंभीरता से समीक्षा की और जिन कार्यों में विलंब हो रहा है, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने यह भी निर्देशित किया कि जो ठेकेदार समय पर कार्य पूरा नहीं कर पा रहे हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए।

उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग में मोदी ट्रेडर्स कंपनी द्वारा निर्माण कार्य में गति नहीं लाने और लापरवाही पर कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मार्गों का मजबूतीकरण और नवीनीकरण कार्य गति और गुणवत्ता के साथ निर्धारित टाइम लिमिट में पूरे किए जाएं।

### विलंब करने वाले संविदाकारों के अनुबंध होंगे निरस्त

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने विलम्ब से चल रहे निर्माण कार्यों वाले संविदाकारों के भी अनुबंध निरस्त करते हुए ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए हैं। तामिया जुन्नारदेव मार्ग की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए, इसी तर्ज पर अन्य मार्गों में भी कार्य कराने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए। पुल निर्माण संबंधित कार्यों में गति लाते हुए वर्षाकाल के पूर्व पुल पर आवागमन प्रारंभ कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। दूसरे सत्र में भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों से जुड़े विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और सभी निर्माण कार्य गति और गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। पूर्ण हो चुके कार्यों में नवीन भवन संबंधित विभाग को हैंडओवर करने के निर्देश भी दिए हैं।

## देवी अहिल्या बाई होलकर जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम किए आयोजित

# समाज में व्यक्ति अपने गुणों से पूजा जाता है, जाति और धर्म से नहीं: यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर 21 मई से 31 मई तक जिला मुख्यालय सहित सभी मंडलों में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के मार्गदर्शन में अभियान चलाकर देवी अहिल्या बाई होलकर जयंती के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे।

बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद बंटी विवेक साहू, कार्यक्रम संयोजक परमजीत सिंह विज, सह संयोजक श्रीमती गरिमा दामोदर, महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, महापौर विक्रम अहाके की उपस्थिति में किया गया। देवी अहिल्या बाई होलकर की जयंती के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगायी गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद बंटी विवेक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी एवं महापौर विक्रम अहाके द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव कहा कि पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती का 11 दिवसीय जन्म उत्सव संपूर्ण जिले में मनाया जा रहा है, मैं आप सभी को उनकी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या बाई का जन्म गडरिया परिवार में हुआ था लेकिन वे अपने व्यक्तित्व और कार्यों से संपूर्ण समाजों में पूज्यनीय हो गई इसलिए हमेशा कहा जाता है कि ₹समाज में व्यक्ति अपने गुणों से पूजा जाता है, जाति और धर्म से नहीं। पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा 17 वीं शताब्दी में किए गये कार्यों को याद करते हुए उनके द्वारा किए गया विभिन्न लोकोपयोगी कार्यों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा वर्तमान समय में दोहराया जा रहा है।

# 4 वाहनों से वसूला 76209 का जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिन्दवाड़ा-नरसिंहपुर मार्ग पर यात्री वाहनों एवं अन्य वाहनों की सघन जाँच की गईं। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री अनुराग शुक्ला ने बताया कि छिन्दवाड़ा-नरसिंहपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई एवं इस दौरान यात्री वाहन क्रमांक एमपी 15 पीए 0599 का म.प्र. मोटरयान कर बकाया होने एवं बिना वैध परमिट फिटनेस के संचालित पाये जाने पर वाहन जप्त कर सुरक्षार्थ परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा परिसर में खड़ा कराया गया। चैकिंग के दौरान जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमियां पाई गई तथा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने वाले 4 वाहनों से 76209 रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गईं कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी।

## गौधुलि वृद्धाश्रम में नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण का हुआ आयोजन

**छिंदवाड़ा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री सुशांत हुद्दार की उपस्थिति में आज गौधुलि वृद्धाश्रम छिंदवाडा में वृद्धजनों के लिये नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री हुद्दार ने कहा कि शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य आपको मिलने वाली भोजन, स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी लेना एवं उन्हें और अच्छा बनाना है। श्री हुद्दार ने कहा कि विगत माह आयोजित शिविर में आप लोगों के द्वारा व्यक्त किया गया था कि आपको नेत्रों से संबंधित समस्याएं हैं एवं नेत्र चिकित्सक से इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसके लिये आज इस नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। आप सभी वरिष्ठजन आवश्यक जांच कराकर शिविर का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री राकेश सिंह, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ.एम.पी. यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.नविधा श्रीवास्तव, स्टॉफ नर्स सुश्री आरती दुबे, सुश्री आशा नागवंशी एवं गौधुलि वृद्धाश्रम के अधीक्षक श्री प्रीतमसिंह चौरिया उपस्थित थे। नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कुल 46 वृद्धजनों द्वारा नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराकर स्वास्थ्य लाभ लिया गया।

## श्री रौतेल का आज छिंदवाड़ा आगमन

**छिंदवाड़ा।** कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त म.प्र. राज्य स्तरीय कोल जनजाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल 23 मई 2025 को प्रातः 11:30 बजे छिंदवाड़ा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद अध्यक्ष श्री रौतेल 24 मई 2025 को प्रातः 8 बजे छिंदवाड़ा से अनूपपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

## शालेय खेल गतिविधियों के आयोजन की रूपरेखा के लिये संभागीय बैठक का हुआ आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में जबलपुर व शहडोल संभाग के क्रीडा अधिकारियों की बैठक का आयोजन खेल युवक कल्याण विभाग छिंदवाड़ा के हॉल में किया गया। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल श्री आलोक खरे ने की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल, सहायक संचालक खेल जबलपुर संभाग आशा सिसोदिया, सहायक संचालक खेल शहडोल संभाग रईस अहमद सहित संभागों के जिला क्रीड़ा अधिकारी व खेल विशेषज्ञ विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान सत्र 2025-26 में होने वाली जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं को व्यवस्थित संचालित किए जाने के लिये रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के आरंभ में डीईओ श्री जी.एस.बघेल ने स्वागत भाषण व प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संयुक्त संचालक डीपीआई भोपाल श्री आलोक खरे ने निर्देश दिए कि खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा, इसके अभाव में वे प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो सकेंगे । जिला व विकासखंड स्तर की प्रतियोगिताओं को आयोजित करने के पूर्व संकुल प्राचार्य व विकासखंड शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक कर आगामी रूपरेखा तय करने की निर्देश भी दिए । आगामी सत्र में 15 जुलाई से 30 अगस्त तक जिला स्तर 15 अगस्त से 30 सितंबर तक राज्य तथा नवंबर माह के अंत तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। बैठक में प्रभारी जिला क्रीड़ा श्री प्रताप सिंह इवनाती, श्रीमती आशा लता माहुले, श्री राकेश चौरसिया, श्री संजीव आनदेव, श्री आनंद गिरिपूंजे, श्रीमती उर्मिला उपाध्याय, श्री फिरोज खान सहित विभिन्न विकासखंड के खेल प्रभारी व खेल शिक्षक उपस्थित थे।

## तिरंगा यात्रा में भारतीय सेना के पराक्रम की रही गूंज



**तामिया।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में भाजपा मंडल तामिया के तत्वावधान में ब्लॉक कॉलोनी तिराहे से तिरंगा यात्रा का आयोजन गुरुवार को किया तिरंगा यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए मिडिल स्कूल मैदान पहुंची यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ यात्रा प्रारंभ हुई भारत माता की जय और वंदे मातरम के जोरदार नारों से तामिया गूंज उठा तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों से लोगों में जोश भर गया भाजपा मंडल सहित पार्टी पदाधिकारी के साथ-साथ नागरिक.भी तिरंगा यात्रा में सामिल रहे अधिकारी कर्मचारी के अलावा महिलाएं एवं नागरिक पार्टी पदाधिकारी एवं पार्टी के कार्यकर्ता इस तिरंगा यात्रा में शामिल रहे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सभी ने सेना के पराक्रम की गूंज तिरंगा यात्रा के दौरान रही यात्रा को किसी प्रकार की यातायात संबंधी असुविधा ना हो इसके लिए तामिया देलाखारी पुलिस यातायात व्यवस्था बनाने तिरंगा यात्रा के साथ रही तिरंगा यात्रा का समापन मिडिल स्कूल मैदान पर हुआ।

# मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 रहेगी मतदाताओं की संख्या

### ऊंची इमारतों/कॉलोनियों में बनाए जाएंगे अतिरिक्त मतदान केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल व सुविधा जनक बनाने के लिए 18 नई पहल शुरू की गई है। आयोग द्वारा मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1200 तक सीमित कर दी गई है। ऊंची इमारतों/कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मतदाता सूची अद्यतनीकरण के लिए, मृत्यु पंजीकरण का डेटा सीधे आरजीआई डेटाबेस से प्राप्त किया जाएगा। सत्यापन के बाद इसे अद्यतन किया जाएगा। मतदाता सूचना पर्चियों को मतदाताओं के लिए अधिक अनुकूल बनाया जाएगा। मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। सीईओ/डीईओ/ईआरओ स्तर पर अखिल भारतीय सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गईं। 4 हजार 719 बैठकें आयोजित की गईं। इसमें (सीईओ-40/डीईओएस-800/ईआरओएस-3879) और 28,000 से अधिक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों आप/ भाजपा/ बसपा/ माकपा/ एनपीपी के प्रमुखों के साथ चुनाव आयोग ने बैठकें की। आईआईआईडीईएम (बिहार, तमिलनाडु और पुडुचेरी) में राजनीतिक दलों के बूथ स्तर के एजेंटों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम किया गया। सभी हितधारकों को एक ही स्थान पर सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए नए एकीकृत डैशबोर्ड - ECINET की शुरूआत की गई। डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबर के मुद्दे का समाधान किया गया।

## जल संरक्षण के महत्व की जानकारी के साथ दिलाई शपथ

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं तामिया विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने के मार्गदर्शन में विकासखंड तामिया के सेक्टर क्रमांक-03 ग्राम काजरा मंधान डेम तट पर श्रमदान के माध्यम से तट पर जमा मिट्टी को मानव श्रृंखला बनाकर बाहर निकाला एवं स्वच्छता अभियान चलाकर आस पास जमा कचरे को भी बाहर निकाला गया जिससे पानी का बहाव बराबर हो कार्यक्रम के पश्चात काजरा स्थित मंधान व्यू होम स्टे में जल गंगा संवर्धन अभियान पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें परामर्शदता श्री चन्द्रकान्त विश्वकर्मा ने जल गंगा संवर्धन अभियान ओर जल के महत्व व जल श्रोत को कैसे बचाया जाए के संबंध में सभी से चर्चा की । मेंटर श्री सुभाष मिनोटे ने तालाब के तट पर ही सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई मेंटर श्री पंकज राय एवं श्रीमती स्वाति सूर्यवंशी ने संगोष्ठी के माध्यम से जल श्रोत को संरक्षित करने हेतु ग्रामीण जन के सहयोग से तालाब, कुओं, हैंडपंप के आसपास स्वच्छता एवं दीवार लेखन कर जल को संरक्षित करने हेतु सभी को जागरूक करने की बात कही, यह कार्यक्रम आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत काजरा मंधान डेम में किया गया।



# बाल पोषण-स्वास्थ्य सेवा के लिये विभिन्न हेल्पलाईन नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास छिंदवाड़ा ने बताया कि छिन्दवाडा जिले में व्यापक बाल विकास के लिये विभिन्न हेल्पलाइन नंबर साझा किये जा रहे हैं। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील की है कि इन हेल्पलाईन नंबरों के माध्यम से आप सभी अपने परिवार में बच्चों को एक सुपोषित एवं स्वास्थ्य परिवर्तित जीवन जीने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। यह भारत के प्रधानमंत्री की विकासशील भारत पहल में हमारा विनम्र योगदान होगा।

उन्होंने बताया कि फ्रीक क्लबफुट उपचार के लिये एवं बच्चों के अन्दर की ओर मुडे हुये पैर की बीमारी के लिये मोबाईल नंबर-8800020501 व वेबसाइट www.cure.org.in है । वर्तमान में 448 नामित साप्ताहिक क्लबफुट क्लीनिक हैं और क्योर इंडिया क्लबफुट के लिए उपचार की सुविधा प्रदान करता है।

3-5 वर्ष के विकलांग बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा में नामांकित करने के लिये मोबाईल नंबर-8300020502 व वेबसाइट www.childreninindia.org तथा छिन्दवाडा जिले में बच्चों के प्रशिक्षित समन्वयक माता-पिता को उनके दोष और विकास में देरी वाले बच्चों को शिक्षा के लिए नामांकित करने हेतु मार्गदर्शन के लिये हेल्पलाईन है। इनमें से कई बच्चे अपनी पढ़ाई शुरू कर सकते हैं। जब वे तीन वर्ष के हो जाएं तो उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा मिलनी चाहिए।

भूख और कुपोषण को कम करने के लिए गांवों में सार्वजनिक स्थानों पर 'पोषण वन' या 'सार्वजनिक उद्यान' ₹पोषण वाटिका₹ स्थापित करने के लिये मोबाईल नंबर-8800020510 व वेबसाइट www.weplant.in है। ₹पोषण वन₹ ₹सार्वजनिक बाग₹ ₹पोषण वाटिका₹ स्थापित करके भूख और कुपोषण को समाप्त कर सकते हैं। इस पहल से सबसे कमजोर बच्चों और बुजुर्गों के लिए हर मौसम में पोषण उपलब्ध और सुलभ हो सकेगा।

# जन सहयोग से हो रहा तालाब का नवीनीकरण कार्य

### 10-15 किलोमीटर के क्षेत्र में आने वाले ग्रामीण किसानों को हुआ लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



पांढ़ुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक दिलीप आठनेरे के कुशल मार्गदर्शन में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए विकासखंड पांढ़ुर्णा की ग्राम पंचायत खेड़ीकला के अंतर्गत ग्राम खेड़ी पाँडेवार के पास में स्थित क्षतिग्रस्त तालाब के नवीनकरण एवं जीर्णोद्धार के लिये क्षेत्र के ग्रामीण किसानों द्वारा जन सहयोग से तालाब के नवीनीकरण के लिये पूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया।

इस तालाब का जीर्णोद्धार 2018 में भी किया गया था, जिसमें जन भागीदारी से क्षतिग्रस्त तालाब को दुरुस्त किया एवं वर्षा जल को अधिक से अधिक संधारित किया गया, जिससे तालाब के क्षेत्र से लगभग 10-15 किलोमीटर के क्षेत्र में आने वाले ग्रामीण किसानों को लाभ हुआ ।

तालाब के गहरीकरण से ग्राउंड वॉटर लेवल बढ़ा था, किसानों के खेतों में स्थित कुओं में अच्छा पानी आने लगा, जिससे किसान साल भर में दो फसल का उत्पादन कर सकते हैं। इसी को देखते हुए क्षेत्र के ग्रामीण किसानों द्वारा पुनः इस तालाब के जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई तथा जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिये जागरूक किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच, उप सरपंच, सचिव श्री सुभाष काले, सुरेश भगत, गोपाल भोजने, देवानंद शेलके, खेतल, म.प्र. जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक दिलीप आठनेरे, मेंटर्स राजू वरुड़कर, श्रीमती वर्षा खुरसंगे, सीएमसीएलडीपी के छात्र/ छात्रायें, ग्राम खेड़ीकला, आजनगांव, वड़ेगांव के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण क्षेत्र के किसान उपस्थित थे। यह कार्य क्षेत्र के ग्रामीण किसान, श्री दादाजी सेवा समिति वड़ेगाँव तथा माँउली सर्वांगीण विकास समिति वड़ेगाँव के सहयोग से किया जा रहा है।

## सारना मंडल के गांवों में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सांसद

# गांवों में रही भारत माता के जयकारों की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



भारतीय सेना के प्रति सम्मान और आभार जताने के लिए निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में सांसद बंटी विवेक साहू लगातार शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में सारना ग्रामीण मंडल में निकाली गई तिरंगा यात्रा का शुभारंभ ग्राम सारना से किया गया। इस दौरान तिरंगा वाहन रैली में शामिल लोगों द्वारा लगाये गये भारत माता और भारतीय सेना के जयकारों से सारना सहित कई गांव गुंजायमान हो गए थे। सारना मंडल के कई गांवों में निकाली गई तिरंगा यात्रा में सांसद बंटी विवेक साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस दौरान सांसद श्री साहू के साथ सैकड़ों की संख्या में मोटरसाईकिल और चौपहिया वाहनों से शामिल हुए नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता और भारतीय सेना के जयघोष के नारे लगाए। इस दौरान अपने संदेश में सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि हमें हमारी सेना पर गर्व है, हमारी सेना के पराक्रम से हमें गर्व की अनुभूति होती है। हमारी भारतीय सेना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपनी वीरता, शौर्यता और पराक्रम का परिचय दिया।

### तिरंगा यात्रा में यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

इस तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना, मंडल अध्यक्ष रमाकांत पटेल, अंकुर शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पटेल, दिनेशकांत मालवीय, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रिज़वान कुरैशी, डॉ.रमेश उसरेठे, रेखनसिंह चौधरी, रूपसिंह पटेल,नितेश पटेल,प्रहलाद पटेल,बहादुर सिंह चौधरी,भरत साहू,देवेन्द्र विश्वकर्मा,मोतीलाल साहू, नरेश ठाकुर, अनुज चौधरी, जयप्रकाश डेहरिया, हरिपाल उसरेठे, सौरभ सक्सेना, रूपेश साहू, संतोष चंद्रवंशी, अमित रघुवंशी, शुभम रघुवंशी, ध्रुव डेहरिया, हरीश ठाकुर, हेमंत साहू, अर्जुन साहू, महेन्द्र जंघेला, कैलाश पाल,शिशिर चौरिया, धर्मेन्द्र पटेल,लक्ष्मण उसरेठे,उमेश साहू,प्रकाश उसरेठे, देवीराम वर्मा, गौतम पटेल,संदीप यादव,विजय मसराम,धर्मेन्द्र पाल,शिवकुमार वर्मा,कुबेर वर्मा, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, वहीद मंसूरी, चंद्रपाल पटेल, गोपाल पटेल, संदीप चौरे, धनकुमार पटेल, कमलनाथ पटेल, राजेश पटेल, सुशील चौधरी, रामजी, विकास पटेल, आशीष वानखेड़े,रामकुमार सोनी, मनोहर पटेल,धर्मेन्द्र चौधरी, आशीष पटेल, बलमान चौरिया, गेनसिंह वानखेड़े,राहुल वर्मा, झनकलाल बजौलिया, सुरेश जैन, रामनारायण चौरे, रामसिंह, हरिराम पाल,संदीप पटेल, कुलदीप कराड़े, पुरूषोत्तम अहिरवार, राजकुमार अहिरवार, फुलेश सूर्यवंशी, मंजू सराठे, संगीता परतेती, सुनील ठाकरे, संतकुमार यदुवंशी,करण युदवंशी, राजेश तिवारी, बंटी साहू, अमर सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में स्वयं सेवी समाज सेवी संस्थाओं के पदाधिकारी,भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सौंसर में तुवर खरीदी केंद्र में आ रही थी शिकायतें

# जिला भाजपा अध्यक्ष ने तुवर खरीदी केंद्र पर लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

वर्तमान में कृषि उपज मंडी में नाफेड के द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से तुवर की खरीदी की जा रही है, खरीदी केंद्र में नियुक्त कर्मचारियों के द्वारा किसानों से तुवर खरीदी को लेकर को लेकर लगातार अनियमितताओं की शिकायत के सामने आ रही थी,हाल ही में जनपद पंचायत सौसर अध्यक्ष संजय भुते के नेतृत्व में सभी जनपद पंचायत सदस्यों ने तुवर खरीदी केंद्र में चल रही अनिताएं एवं विभिन्न मांगों को लेकर सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल को ज्ञापन सोपते हुए तुवर खरीदी की जांच की मांग की गई,बुधवार को अचानक जिला भाजपा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड़,ने सौसर कृषि उपज मंडी केंद्र में बंने हुए तूवर खरीदी भंडारण केंद्र पहुँचकर तुवर की खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए उपस्थित खरीदी केंद्र प्रभारी कर्मचारियों को फटकार भी लगाई है। निरीक्षण करने पहुंचे जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहोड ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिले इसके लिये यह खरेदी सरकार के द्वारा प्रारंभ की है। किसान अपना खून पसीना बहा कर फसल का उत्पादन करता है और यदि उसे खुद की फसल बेचने में परेशान होना पड़ रहा है यह अच्छी बात नही है,बिते कुछ दिनों से धांधली की शिकायतें आ रही है, समय रहते इसमें सुधार नही हुआ।तो वे सीधा कलेक्टर से इसकी शिकायत करेगे। निरीक्षण के दौरान श्री मोहोड के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र से फसल बेचने आए उपस्थित किसानों से भी चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है,इस दौरान जनपद पंचायत सौसर संजय भुते, आशीष चांडक,हरि धुर्वे, विवेक गायकवाड़, खेमराज सोनेकर,सोनू भकने किसान उपस्थित थे।

## काम करने के एवज में पैसे मांग रहा पटवारी

**परासिया :** लोकायुक्त की टीम के द्वारा आय दिन पटवारियों को रिश्वत लेते पकड़े जाने के मामले सामने आ रहे हैं , बावजूद इसके कुछ पटवारी बैखौफ लोगों से रिश्वत लेने से बाज नहीं आ रहे हैं । परासिया तहसील के अंतर्गत एक पटवारी के द्वारा कम के एवज में पैसे लिए जाने की शिकायत एस डी एम से की गई ।शिकायतकर्ता न्यूटन वार्ड 9 निवासी कुंदन चंचल ने बताया , कि 20 मई को वह न्यूटन चिखली के हल्का पटवारी यशवंत डेहरिया से उसके पुत्र वंश चंचल , पुत्री अमायरा चंचल का स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु पटवारी प्रमाण पत्र एवं वंशावली प्रपत्र जारी करवाने गया था । हल्का पटवारी यशवंत डेहरिया द्वारा कुंदन से दोनों बच्चों के पटवारी प्रमाण पत्र एवं वंशावली प्रपत्र भरकर हस्ताक्षर करने के लिए 5 - 5 सौ रूपये अवैध तरीके से वसूला गया और पटवारी के द्वारा कहा गया , कि पूरा फार्म भरेंगे तो उसकी अतिरिक्त राशि देनी होगी ।शिकायतकर्ता ने एस डी एम से गुहार लगाई , कि हल्का पटवारी द्वारा अवैध तरीके से लिए ग ए पैसे वापस करवाएं और अवैध वसूली पर रोक लगाते हुए उचित कार्रवाई की जाए ।

## जामसांवली मंदिर में आने का मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बुधवार को मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौसर क्षेत्र के भाजपा नेताओं के साथ में श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसांवली ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने मुलाकात की,पूर्व मंत्री नाना मोहोड़, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के सानिध्य में मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव से भोपाल में हुई भेंट में चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक) जामसांवली के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने श्री मूर्ति की प्रतिकृति भेंट कर उन्हें श्री हनुमान मंदिर के गर्भगृह भूमिपूजन समारोह हेतु मुख्य यजमान के रूप में आमंत्रित किया है, इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री अजय धवले प्रमुखता से उपस्थित थे।हनुमान लोकः एक दिव्य स्वप्न की सिद्धि की ओर....चर्चा के दौरान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी और धर्मपरायण नेतृत्व में मध्यप्रदेश शासन के सक्रिय सहयोग से हनुमान लोक परियोजना का प्रथम चरण पूर्णता की ओर अग्रसर है। यह हनुमान लोक, केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का एक ऐसा केंद्र बन रहा है, जो भक्तों को भगवान हनुमान जी की शक्ति और भक्ति से जोड़ रहा है। विगत 23 मार्च को, मुख्यमंत्री जी ने स्वयं मंदिर में आकर श्री मूर्ति की श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की थी। उस पावन क्षण में, उन्होंने न केवल अपनी गहन आस्था व्यक्त की थी, बल्कि संपूर्ण हनुमान लोक परियोजना के लिए मध्यप्रदेश शासन से हर संभव सहयोग प्रदान करने का भी आश्वासन दिया था।

## सामाजिक कार्यकर्ता साहू के प्रार्थना पत्र पर प्रधानमंत्री ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू ने 1 मई 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर विश्व भर के करोड़ों करोड़ों साधकों की आस्था का केंद्र सन्त श्री आशारामजी आश्रम अहमदाबाद की जमीन पर राज्य सरकार की असंवैधानिक कार्यवाही पर रोक की मांग की थी जिसका प्रकरण क्रमांक pmopg /E /2025/0061209 है । जिसको प्रधानमंत्री ने गम्भीरता से लेते हुए गुजरात सरकार के उप सचिव राजस्व विभाग को आदेशित किया था । गुजरात सरकार ने श्री साहू के पत्र और सबूतों की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय को ओपिनियन भेजा था ।कि कोई भी असंवैधानिक कार्यवाही नहीं होगी। श्री साहू ने प्रार्थना पत्र में बताया गया था कि सन 2014 से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है जिसने अनगिनत उत्कृष्ट कार्य किये हैं जिससे पूरे विश्व में देश का गौरव बढ़ा है । किंतु साथ में ऐसे कई हिन्दू विरोधी कार्य भी हुए जिसमें सरकार को शर्मसार होना पड़ा है जिसमें पालघर में साधुओं की निर्मम हत्या , निर्दोष सन्त आशाराम जी बापू को जबरन जेल में रखना , पश्चिमबंगाल में हिंदुओं की हत्या और पलायन , राजस्थान में हिंदुओं के 200 ऐतिहासिक मंदिरों को तोड़ना , आदि - आदि हैं । अहमदाबाद प्रशासन ने पूज्य बापूजी के आश्रम की जमीन खाली कराने का तुगलकी फरमान जारी किया है । कारण बताया कि 2036 में होने वाले ओलंपिक के स्टेडियम तैयार करना है । जो हास्यास्पद है । 75 वर्षों से देश की जनता ने यह भी देखा कि बहुत से पूर्व प्रधानमंत्रियों ने पड़ोसी देश चीन और पाकिस्तान को बहुत सी जमीन मुफ्त में दे दी जो हजारों हेक्टेयर है । उसे वापस लेने में प्रसाशन कोई रुचि नहीं ले रहा है । सन 2014 के लोकसभा चुनाव में आपको लगभग 32 करोड़ वोट मिले हैं । वहीं पूज्य बापूजी के इतने भयंकर कुप्रचार होने के बाद भी 44 करोड़ साधक आज भी जुड़े है और 14 फरवरी को लगभग 71 करोड़ माता - पिता का पूजन कर मात्र पितृ पूजन दिवस का सफल आयोजन कर चुकें हैं । सभी जानकारी गूगल पर सर्च कर सकतें हैं । अहमदाबाद आश्रम द्वारा देश भर के 551 आश्रम और 2500 समितियों के सेवा कार्य संचालित होते हैं जिससे 100 करोड़ लोग प्रतिवर्ष लाभांवित हो रहें हैं । सिस्टम में बैठे कुछ शरारती तत्व साधकों को और सरकार को आपस में भिड़वा रहें हैं कि देश में अराजकता का माहौल उत्पन्न हो जाये। यह खबर 1 मई से 4 मई तक ट्विटर (वर्तमान X) पर रोजाना एक नम्बर में ट्रेंड पर रही।

## प्रतिबंध के बावजूद जला रहे नरवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

मध्य प्रदेश शासन के द्वारा खेतों में नरवाई जलाने को लेकर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है । इसके बावजूद किसान शासन के आदेशों को दरकिनार कर नरवाई जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं । इस मामले को लेकर एसडीएम और पुलिस से शिकायत भी की गई है ।शिकायतकर्ता राहुल सराठी रविशंकर सोनवंशी , चंद्र मोहन श्रीवास , दिनेश ठाकुर , दीपक बाथरी , प्रकाश डेहरिया , राकेश सरेयाम ने एस डी एम और थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर नरवाई जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग रखी है । शिकायतकर्ताओं ने बताया , कि न्यूटन पुलिस चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत मायावाड़ी के अंतर्गत शनि मंदिर से मायावाड़ी तक लगे खेतों में किसान रात के समय नरवाई जला रहे हैं , जो कि शासन के आदेशों का उल्लंघन है ।



### 23 मई को सौंसर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन

**सौसर।** 23 मई शुक्रवार को सौसर नगर विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सौसर क्षेत्रवासी शामिल हो इस उद्देश्य को लेकर आयोजन कमेटी की ओर से जोर-शोर से तैयारी और प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। आयोजन कमेटी के सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार देश की बहन,बेटियों के सिंदूर को उजाड़ भारत को कमजोर समझने का दुस्साहस करने वालो के नापाक इरादों को भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से ध्वस्त किया है । भारत की मातृशक्ति राष्ट्रमाता जिजाऊ की तरह सबल, सक्षम और समर्थ है और वह इस पीढ़ी के प्रत्येक व्यक्ति में छत्रपति शिवाजी महाराज का निर्माण कर रहा है ।ऑपरेशन सिंदूर में मिली भारी सफलता पर भारतीय सेवा का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर 23 मई शुक्रवार शाम 4 विशाल तिरंगा यात्रा का सौसर नगर में आयोजन किया जा रहा है, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से तिरंगा यात्रा का प्रारंभ किया जाएगा साथ ही नगर भ्रमण के पश्चात यात्रा का समापन जय स्तंभ प्रांगण, जनपद कार्यालय सौसर में होंगा,आयोजन कमेटी ने सभी क्षेत्रवासियों से तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### सरस्वती शिशु मंदिर उमावि लांजी में दिनेश गिरी गोस्वामी ने प्राचार्य पद पर संभाला पदभार

**लांजी।** लांजी नगर परिषद स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में नए प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी ने पदभार ग्रहण किया सर्वप्रथम दिनेश गिरी गोस्वामी ने मां भगवती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाए और पुष्प अर्जित किया उसके पश्चात आचार्य एवं आचार्या तथा कर्मचारियों के साथ बैठक की बैठक में उन्होंने कहा कि विद्यालय का शैक्षणिक माहौल बनाए रखेंगे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी मेहनत करेंगे। वही नवागत प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी के प्राचार्य पदभार ग्रहण पर कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति के पदाधिकारी विजय रामटेक्कर,डॉक्टर छबिलाल मरठे शटी डी लिलल्हारे, श्री योगेश रामटेक्कर एवं विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री त्र्यंबक भगत उपस्थित थे।

## तथागत बुद्ध जयंती समारोह 25 जून को

### दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया जिला शाखा जबलपुर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



भारतीय बौद्धो की सामाजिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के माध्यम से पूरे भारत देश में धम्म का कारवां निरंतर गतिमान हो रहा है। इसी क्रम में जिला जबलपुर मुख्यालय में एक दिवसीय तथागत सम्यक सम्बुद्ध जयंती का आयोजन लम्हेटाघाट (बौद्ध मठ)गोपालपुर, जबलपुर में किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के राष्टीय उपाध्यक्ष केन्द्रीय कार्यालय प्रमुख मुंबई एड.एस.के.भंडारे सर होगें। वही प्रमुख अतिथियों में संस्था के बी.एच.गायकवाड गुरूजी राष्टीय सचिव तथा म.प्र. द राज्य के प्रभारी मुंबई, डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष म.प्र. राज्य शाखा द.बालाघाट, गौतम पाटिल राष्टीय संघटक भोपाल, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्यालय सचिव बालाघाट होगें। मुख्य वक्ता के रूप में आद. सुषमा ताई पाखरे प्रखर वक्ता लेखिका, कवियत्री वर्धा महाराष्ट होगी। वही विशेष अतिथि के रूप में नीरज सिंह लोधी विधायक बरगी जबलपुर, दीपक आड़कने, वैजयंतीमाला चिकाटे प्रदेश सचिव, एड. एस.एल.वर्मा, प्रदेश संघठक एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जबलपुर यादवराव मेश्राम करेगें। उदघाटन एंव धम्मदेशना पूज्य भंते कारुणिक जी एवं धम्मशरण जी करेंगे। अतः जिला शाखा बालाघाट,जबलपुर एवं मध्यप्रदेश राज्य की ओर से सभी से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है।

## मछुआरों ने लगाया आरोप : दशरू तालाब की भूमि पर अतिक्रमण



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** जनपद पंचायत कटंगी के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत चिकमारा और मानेगांव की सीमा में निर्मित दशरू तालाब की भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने कथित तौर पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर लिया है. यह आरोप मत्स्य समिति के सदस्य यानी मछुआरों ने लगाया है. गुरूवार की दोपहर ढाई बजे हल्का पटवारी मानेगांव के कुछ किसानों के आवेदन पर तालाब के पास की कृषि भूमियों का सीमांकन करने के लिए आए थे. सीमांकन के दौरान किसानों की भूमि तालाब के डूब क्षेत्र एरिया में पाई. जिस पर मछुआरों ने मौखिक तौर पर आपत्ति जताई और बताया कि 2 अप्रैल 2025 को जल संसाधन विभाग के उपयंत्री पी.के.परते, अमीन पुष्पेन्द्र चौधरी, सेवानिवृत्त स्थल सहायक धरमदास शेण्डे ने ग्रामीणों की मौजूदगी में दशरू तालाब का एक स्थल पंचनामा बनाया था. जिसमें मानेगांव के किसान अशोक नेवारे, डुकरूलाल गौतम और तुलन गौतम के द्वारा तालाब के डूब क्षेत्र में गड्ढा खोदने को अवैध बताया था और इसे मध्य प्रदेश सिंचाई अधिनियम 1974 के तहत अपराध की श्रेणी में माना था जबकि गुरूवार को हुए सीमांकन में जिसे डूब क्षेत्र बताया जा रहा था वहां राजस्व विभाग के पटवारी के मुताबिक किसानों की भूमि है. अब तालाब की भूमि विवादों में आ गई है. एक तरफ मछुआरों तालाब में अवैध अतिक्रमण होने की बात कर रहे है तो दूसरी तरफ राजस्व विभाग के मुताबिक तालाब के किनारे किसानों की भूमि है।

**45 एकड़ में फैला तालाबः** सरकारी रिकार्ड के मुताबिक करीब 45 एकड़ में दशरू तालाब का विस्तार है. वर्तमान समय में खजरी, चिकमारा और मानेगांव के मछुआरों की मत्स्य समिति इस तालाब में मत्स्याखेट करती है. समिति में कुल 33 सदस्य शामिल है. इन 33 सदस्यों के परिवार को इसी तालाब के भरोसे दो वक्त की रोटी मिलती है. मछुआरों को आरोप है कि तालाब के डूब क्षेत्र में मानेगांव के कुछ लोग अतिक्रमण कर खेत बना रहे है तालाब के पानी का उपयोग रबी की फसल तैयार करने में कर रहे है तालाब के भीतर कुएं बना रहे है. जिससे मछली पालन प्रभावित हो रहा है. जबकि किसानों का कहना है कि यह भूमि उनकी है और राजस्व रिकार्ड में उनका नाम भी दर्ज है. इसी विवाद के चलते बीते दिनों मछुआरों ने जल संसाधन विभाग में शिकायत की तो विभाग के उपयंत्री अपने अधीनस्थ और सहायक कर्मचारियों के साथ तालाब पहुंचे और उन्होंने तालाब के डूब क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माण और कब्जे को अनुचित बताया और तत्काल डूब क्षेत्र के अतिक्रमण को नष्ट करवाया लेकिन उसके बाद फिर कोई अग्रिम कार्रवाई आज तक नहीं हो पाई और अब राजस्व विभाग के पटवारी के मुताबिक तालाब के किनारे किसानों की जमीन है।

**मछुआरों ने कहा तालाब की भूमि का कराएगें सीमांकन :** तालाबों की भूमि पर अतिक्रमण एक गंभीर समस्या है, जो न केवल जल स्त्रोतों को खत्म कर रही है बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को भी प्रभावित कर रही है. इसी को ध्यान में रखते हुए दशरू तालाब पर आश्रित मछुआरों ने भी तालाब की भूमि का सीमांकन कराए जाने की बात कहीं है. बात दें कि क्षेत्र में कई तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं, और प्रशासन के लिए उन्हें पुनः स्थापित करना एक चुनौती बन गया है. कटंगी के बड़ा तालाब इसका एक बड़ा उदाहरण है. यहां सरकारी कर्मचारी और कई अन्य लोगों ने कब्जा किया है. यह न केवल जल संरक्षण के प्रयासों को कमजोर करता है बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुंचा रहा है. सरकार भी जल संरक्षण को लेकर चिंतित होने का दावा करती है जिसके चलते बकायदा जल गंगा संवर्धन अभियान जैसे कार्यक्रम भी चला रही है बावजूद इसके तालाबों के अतिक्रमण को लेकर ठोस कार्रवाई का ना होना शासन-प्रशासन पर कई तरह के सवाल खड़े करती है।

### सिविल अस्पताल,नगर परिषद भवन सहित अन्य इमारतों में भी हो रहा वर्षा जल संरक्षण

## जल गंगा संवर्धन के तहत रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में पहचान बना रहा नप लांजी



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बढ़ावा देकर नगर परिषद अपनी पहचान बना रही है। यह अभियान पानी के संरक्षण और भूजल स्तर को बढ़ाने पर केंद्रित है, जिसमें रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को एक महत्वपूर्ण तकनीक के रूप में देखा जा रहा है। वहीं पूरे राज्य में जल गंगा संवर्धन योजना जोर शोर से चल रही है, जिसके अंतर्गत पूर्व वर्ष कि तरह जल संसाधनों की सफाई, जीर्णोद्धार एवं संरक्षण हेतु लांजी नगर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिसके अंतर्गत नगरीय क्षेत्र लांजी में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से लोग जल संरक्षित करने का कार्य कर रहे है।प्रधानमंत्री आवास योजना में पहचान बना चुका लांजी अब जल संरक्षण में भी उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। 'कैच द रेन' अभियान के अंतर्गत नगर परिषद लांजी ने नगर स्थित 5 शासकीय विभाग सहित नगर के 60 निजी मकानों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कर लिया है।

नगर परिषद लांजी के पीएम आवास प्रभारी नितिन बढ़घैया आवास हितग्राहियों को वाटर हार्वेस्टिंग करवाने के लिए कर रहे जागरूक । वही क्षेत्र में आवासीय भवनों में भी जल संरक्षण सिस्टम लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

### इनका कहना है

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार और कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन पर नगर परिषद लांजी में जल गंगासवर्धन योजना प्रगतिशील है जिसके अतर्गत रूफ वाटर हार्वेस्टिंग कार्य हमारे द्वारा किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पांच शासकीय भवनों में और 60 निजी मकानो में वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य किया जा चुका है। कल 65 भावनाओं में अब तक रूफ वाटर हार्वेस्टिंग की जा चुकी है। रूफ वाटर हार्वेस्टिंग करने से वर्षा का पानी संरक्षित कर वाटर लेवल को बनाए रखने में मदद मिलती है।

**बीएल लिल्हारे,सीएमओ नप लांजी**

शासन के निर्देशानुसार और कलेक्टर महोदय के नेतृत्व में सिविल अस्पताल लांजी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य किया गया है। जिस इमारत में बरसात का जो पानी जमा होता है वह पाइप लाइन के माध्यम से एक जगह एकत्रित कर धरातल में चला जाता है इससे आने वाले समय में होने वाली पानी की किल्लत से बचा जा सकता है यह धरातल में पानी का लेवल बनाए रखता है।

**अक्षय कुमार उपराडे**
**बीएमओ सिविल अस्पताल लांजी**

### बाबा जुमदेवजी के मार्ग पर निस्वार्थ भाव से आए सेवक

## परमात्मा एक मानव धर्म जन जागृति सेवक सम्मेलन का ग्राम कोचेवाही में हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज लाँजी।** तहसील मुख्यालय से लगभग 08 किमी दूर ग्राम कोचेवाही के ग्रामपंचयात सभामंच परिसर नियोजित स्थल मे परमात्मा एक मानव धर्म की जन जागृति सेवक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नियोजित स्थल पर पूरे साझ सजावट कि गई थी। बता दें कि यह कार्यक्रम ग्राम कोचेवाही में कोचेवाही रामूटोला के सेवक सेविकाओं के द्वारा लगातार 3 वर्षों से किया जा रहा है।परमात्मा एक सेवक मंडल कोचेवाही के तत्वाधान और सेवकों की ओर से मानव धर्म का भव्य सामूहिक जन जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां शारीरिक, मानसिक व आर्थिक दुखों से पीड़ति व अज्ञानी मानव का निष्काम भाव से भगवत कृपा का परिचय कराकर उन्हें अंधश्रद्धा बुरे व्यसन एवं सामाजिक बुराईयों से मुक्त कर सुखमय जीवन जीने की प्रेरणा देने वाले मानव धर्म के संस्थापक बाबा जूमदेव के आदेशानुसार जन जागृति के लिए ग्राम कोचेवाही में ग्राम का भ्रमण कर शोभायात्रा व सेवक सम्मेलन कोचेवाही ग्राम पंचायत के सामने सभा मंच में गुरुवार को रखा गया।सामूहिक जन जागृति कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन एवं भगवान बाबा हनुमानजी की प्रतिमा का पूजन, जुमदेवजी की प्रतिमा का पूजन और अतिथियों के स्वागत के उपरांत भगवत कार्य को लेकर विस्तृत चर्चा बैठक सेवकों के साथ की गई।वक्ताओं ने कहा कि जुमदेवजी के बताए गए मार्गो पर चलने से जीवन के हर कष्ट दूर हो जाते हैं और परिवार में खुशियां आती है। सम्मेलन में भगवत कार्य चर्चा उपरांत महाप्रसाद वितरण और मर्यादा भजन संध्या का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प. पु. प सेवक कार्यकर्ता श्री एच. टी किरमे, एवं प्रमुख अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत कोच्छवाही सरपंच संतोष यादव उप सरपंच रमाकांत यादव ग्राम विकास समिति अध्यक्ष सम्पतराव भागडकर ग्राम पंचायत सचिव राजेश्वर पांचाले ग्राम विकास समिति सचिव निरंजन सेन, सेवक मंडल लांजी के सेवक सेविकाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर किशोरावस्था से बनाए शारीरिक संबंध

**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के एक गांव की 27 वर्षीय युवती ने बुधवार को छतेरा निवासी युवक शुभम नेवारे के खिलाफ थाने में शादी का प्रलोभन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाएं जाने शिकायत दर्ज करवाई है. पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 64 (2) एम, 87, पॉक्सो एक्ट की धारा 5एल/6, अनुसूचित जाति जनजाति की धारा 3(2)(वी), 3(2)(वी-ए), 3(1) डब्ल्यू की कार्रवाई की गई है. फिलहाल गुरूवार की दोपहर 03 बजे तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी. पीड़िता ने जानकारी देते हुए बताया कि जब वह किशोरावस्था में थी उस दौरान यानी 12 मई 2016 से लेकर 2 मई 2025 तक आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर अपने दोस्त के घर पर बार-बार उससे शारीरिक संबंध बनाए. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबृद्ध कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने सिवनी रेलवे स्टेशन का किया लोकार्पण, 14.46 करोड़ की लागत से हुआ रिडेवलप, स्टेशन पर दिखेगी पेंच टाइगर रिजर्व की झलक

भारत सरकार द्वारा रेलवे स्टेशन पुनर्विकास को लेकर चलाई जा रही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 103 स्टेशनों का लोकार्पण 22 मई को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले 5 स्टेशनों सिवनी, डोंगरगढ़, इतवारी, चांदा फोर्ट और आमगांव का भी शुभारंभ शामिल है।








हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भारतीय रेलवे द्वारा स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है। यह योजना स्टेशनों के सतत और दीर्घकालिक आधार पर विकास को सुनिश्चित करती है। इसके अंतर्गत मास्टर प्लान तैयार किए जाते हैं और उन्हें चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाता है ताकि स्टेशन की सुविधाओं में सुधार हो सके।

## सिवनी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सिवनी रेलवे स्टेशन का ₹14.46 करोड़ की लागत से आधुनिकीकरण किया जाएगा। इस योजना के तहत यात्रियों की सुविधाओं में सुधार के साथ-साथ स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर को भी संजोने पर ध्यान दिया जाएगा। प्रमुख कार्यों में आधुनिक प्रतीक्षालय, एस्केलेटर, बेहतर स्वच्छता सुविधाएं शामिल हैं। स्टेशन को स्थानीय कला और वन्यजीवों से सुसज्जित भित्तिचित्रों से सजाया जाएगा, जिससे पेंच टाइगर रिजर्व और जंगल बुक की विरासत को उजागर किया जा सके। यह परिवर्तन स्टेशन को एक आधुनिक ट्रांजिट हब में बदल देगा, जो इसकी प्राकृतिक और सांस्कृतिक महत्ता को दर्शाएगा।

### सिवनी रेलवे स्टेशन का इतिहास

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे के नागपुर डिवीजन के अंतर्गत आने वाला सिवनी रेलवे स्टेशन, मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह स्टेशन क्षेत्रीय परिवहन का एक महत्वपूर्ण केंद्र है और पेंच टाइगर रिजर्व जैसी जैव विविधता से भरपूर जगहों तक पहुँचने का जरिया है, जिसने रुडयार्ड किपलिंग की प्रसिद्ध रचना ₹द जंगल बुक₹ को प्रेरित किया। सिवनी ज़िले की आदिवासी विरासत और वनों की समृद्धता इसे एक खास स्थान बनाती है। समय के साथ स्टेशन ने यात्रियों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करते हुए अपनी पारंपरिक पहचान बनाए रखी है। आज यह स्टेशन पर्यटन और व्यापार के लिए एक प्रमुख केंद्र बन चुका है।

**मौजूदा चुनौतियाँ:** सिवनी रेलवे स्टेशन वर्तमान में कई समस्याओं से जूझ रहा है जो यात्री अनुभव को बाधित करती हैं:

1. भीड़भाड़: सीमित स्थान के कारण यात्रियों को चलने में असुविधा होती है, विशेषकर भीड़ के समय।
2. पहुंच में कठिनाई: लिफ्ट और एस्केलेटर जैसी आधुनिक सुविधाओं का अभाव है।
3. अपर्याप्त पार्किंग: टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर और फोर-व्हीलर के लिए पार्किंग की कमी है।
4. सीमित यात्री सुविधाएं: प्रतीक्षालय, शौचालय और रिफ्रेशमेंट काउंटर पुराने और असुविधाजनक हैं।
5. अपर्याप्त बुनियादी ढांचा: विशेषकर पर्यटन सीज़न में स्टेशन की क्षमता यात्रियों की संख्या को संभालने में असमर्थ होती है।

### योजना के अंतर्गत प्रस्तावित सुविधाएँ

1. परिक्रमा क्षेत्र और पार्किंग का विस्तार – भीड़ कम करने के लिए क्षेत्र को विस्तारित किया जाएगा और सभी प्रकार के वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था होगी।
2. एस्केलेटर और लिफ्ट – प्लेटफॉर्म के बीच सुगम आवागमन के लिए आधुनिक एस्केलेटर और लिफ्ट लगाई जाएंगी।
3. स्थानीय कला और भित्तिचित्र – स्टेशन को स्थानीय जैव विविधता और जंगल बुक से जुड़े चित्रों से सजाया जाएगा।
4. आधुनिक प्रतीक्षालय – बेहतर बैठने की व्यवस्था, प्रकाश और वातानुकूलन सुविधाओं के साथ प्रतीक्षालय विकसित किए जाएंगे।
5. आधुनिक स्वच्छता सुविधाएं – भुवनेश्वर मॉडल पर आधारित स्वच्छ और आरामदायक शौचालय बनाए जाएंगे।
6. हरित क्षेत्र और सजावट – स्टेशन परिसर में हरियाली और शांति प्रदान करने वाले भूदृश्य विकसित किए जाएंगे।
7. हाई मास्ट लाइटिंग और सीसीटीवी – बेहतर रोशनी और सुरक्षा हेतु हाई मास्ट पोल और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

कार्य की वर्तमान स्थिति - प्रगति की रफ्तार ने अपना मुकाम हासिल कर लिया है – सिवनी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कार्य पूर्ण हो चुका है। अब यह स्टेशन एक आधुनिक, यात्रियों के अनुकूल केंद्र बन गया है जो स्थानीय संस्कृति और इतिहास से गहरे रूप से जुड़ा हुआ है।

### इस योजना में निम्नलिखित सुविधाओं के विकास की परिकल्पना की गई है:

- स्टेशन तक पहुंच और परिक्रमा क्षेत्र में सुधार।
- प्रतीक्षालय, शौचालय, स्वच्छता, नि:शुल्क वाई–फाई।
- 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क।
- उन्नत यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लॉन्ज, व्यवसायिक बैठक हेतु नामित स्थान।
- हरित क्षेत्र (लैंडस्केपिंग), भवनों का सौंदर्यीकरण
- स्टेशन को शहर के दोनों ओर से जोड़ना।
- मल्टी–मोडल इंटीग्रेशन, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, पर्यावरण अनुकूल समाधान।
- बैलास्टलेस ट्रैक, और स्टेशन को भविष्य में सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने की योजना।

## खबर संक्षेप




### हाईमास्ट लाईट का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। बुधवार, को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी के साथियों एवं कार्यकर्ताओं ने क्रिकेट मैदान मे हाईमास्ट लाईट का भूमिपूजन किया। ज्ञात हो कि बीते माहों पूर्व नगर के बड़ा मिशन स्कूल मैदान मे आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा क्रिकेट प्रेमियों एवं खिलाड़ियों की मांग पर हाईमास्ट लाईट लगाए जाने की स्वीकृति दी गयी थी। इसी तारतम्य मे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के निर्देश पर साथियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ा मिशन स्कूल मैदान पहुंचकर लगभग 24 लाख लागत के हाईमास्ट लाईट पोल निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमि पूजन कर धरती मां का आव्हान किया।

### प्राचीन बावड़ी में चलाया स्वच्छता अभियान



धूमा। जल गंगा संवर्धन अभियान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड लखनादौन अंतर्गत, मध्य प्रदेश शासन की मंशा एवं जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार ग्राम धूमा में विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीता वर्मा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन उपस्थिति, नवांकुर संस्था सदस्य,ग्राम के जन प्रतिनिधि ग्राम वासियों की उपस्थिति में प्राचीन हनुमान मंदिर स्थल पर स्थित प्राचीन बावड़ी में स्वच्छता कार्यक्रम जल संरक्षण पर चौपाल एवं ग्राम में स्वच्छता कार्यक्रम कर श्रमदान किया गया





## केवलारी नगरीय सीमा में धारा 163 लागू, पुलिस ने फ्लेग मार्च किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

बीते दिवस नगर मे घटित अप्रत्याशित घटना के मद्देनजर महेश अग्रवाल एसडीएम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएस अधिनियम की धारा 163 दिनांक 21 मई से लागु कर दिया । आज के बाद सामुदायिक रूप से गोष्ठी, धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, सोशल मिडिया मे भड़काऊ भाषण, जातिवाद को चिंहाकित कर कॉमेंट आदि पर प्रतिबंध लगा दिया गया । यदि कोई भी व्यक्ति या समुदाय ,राजनीतिक दलों व समाज द्वारा किये जाने पर सक्षम अधिकारी के द्वारा स्वीकृति लेना पडेगा।धारा 163 लागु उपरांत महेश अग्रवाल एसडीएम, अशीष भराडे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के नैतृत्व मे नगर मे फ्लेग मार्च निकाला गया ।जिसमें अधिकारियों ने आम जनता से अपील किया हैं कि सभी समुदाय आपसी शांति सौहार्द पूर्ण बातावरण में रहे।शांति व्यवस्था वनाने में सहयोग करे।

### इनका कहना है

हत्या के चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है,एक अज्ञात अरोपी की तलाश जारी है , मे आम जनता से शांति बनाये रखने की अपील करता हूँ।

**अशीष भराडे ,पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केवलारी**

## बोरीकलॉ मे पलिस चौकी नये भवन निर्माण हेतु किया गया भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज सिवनी। दिनांक 22/05/2025 को पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के द्वारा आमजन की सुविधा, अपराधो की रोकथाम एंव अवैध गतिविधियो पर नियत्रंण रखने हेतु थाना बरघाट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोरीकलों मे बालाघाट सिवनी मुख्य मार्ग के समीप सरस्वती शिशु मंदिर के सामने स्थित जमीन पर नई पुलिस चौकी हेतु भवन निर्माण कार्य प्रारम्भकरने हेतु भूमि पूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गठरे, रक्षित निरीक्षक पुलिस शप्रवीण नायडू, थाना प्रभारी बरघाट शमोहनीशसिंह बैस, यातायात प्रभारी शविजय बघेल, थाना प्रभारी अरी शआशीष खोब्रागडे, उपनिरीक्षक सत्येन्द्र उपाध्याय, थाना बरघाट एवं थाना अरी के अधिकारी कर्मचारी के साथ ग्राम बोरीकलों के गणमान्य नागरिक शहरकचंद जी टेम्भरे, ग्राम सरपंच, उपसरपंच, पंच, पत्रकार बंदु एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## 100 वर्ष बीत चले कब पूरी होगी मांग

# सिवनी, बरघाट, कटंगी में स्वीकृति सर्वे के अनुसार रेल लाईन का शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अमृत भारत योजना के अन्तर्गत पुर्नविकसित कार्यक्रम के शुभारंत के अवसर पर स्टेशन सिवनी रेलवे स्टेशन रामटेक गोटेगांव नवीन रेल्वे लाईन सिवनी, बरघाट, कटंगी महाकौशल अंचल में आवश्यक रेल संबंधी सुविधाएॅ उपलब्ध कराने जिला रेलसंघर्ष समिति के अध्यक्ष ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार द्वारा रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, बालाघाट-सिवनी सांसद एवं डी.आर.एम. नागपुर मंडल दक्षिण पूर्व मध्य रेल विभाग नागपुर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन इस प्रकाश हैः-सन 2018 में छिन्दवाड़ा, सिवनी, नैनपुर, मण्डला, बालाघाट जबलपुर नैरोगेज रेल्वे लाईन के ब्राडगेज रेल्वे लाईन में अमान परिवर्तन पश्चात इस क्षेत्र के रेल्वे विकास 100 वर्षो से भी अधिक समय से पिछडी दशा में पड़ा हुआ है। जबकि इसे भी दुनिया के बढते विकास की नक्शे कदम पर आगे बढ़ना था, महाकौशल अंचल के सांसदो की इस क्षेत्र के रेल विकास की ओर घोर अपेक्षा के कारण इस क्षेत्र का रेल विकास पिछड़ा पडा अुआ है, जनता बहुत ही आक्रोशित है , इस क्षेत्र की जनता के आग्रह पर ब्राडगेज रेल्वे संघर्ष समिति सिवनी द्वारा अनेकों बार आंदोलन धरना एवं ज्ञापन के द्वारा रेल्वे मंत्रालय एवं जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर रेल विकास की मांग की गई। जिसमें सिवनी, बरघाट, कटंगी में स्वीकृति सर्वे के अनुसार रेल लाईन का शीघ्र्र निर्माण कार्य किया जाना, रामटेक से गोटेगांव तक व्हाया खवासा, कुरई, सिवनी होकर नवीन रेल लाईन का निर्माण कार्य नागपुर को जबलपुर से जोडा जाकर, बहुप्रतिक्षित जबलपुर रेल यातायात प्रारंभ कर महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश को गति प्रदान की जावे।



जिला रेल संघर्ष समिति ने सांसद को सौपा ज्ञापन

ज्ञात रहे कि प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव के कार्यकाल में इस रेल्वे लाईन की स्वीकृति तत्कालीन प्रधानमंत्री ने घोषणा कर दी थी, इस मांग के संबंध में तत्कालीन केबिनेट मंत्री सुश्री विमला वर्मा ने लम्बे समय तक रेल मंत्रालय से पत्राचार किया। ज्ञापन में मांग की गई है कि सिवनी स्टेशन से जबलपुर से चित्रकूट एक्सप्रेस को जबलपुर से नैनपुर, सिवनी, छिन्दवाडा चलाया जाये। अमरावती एक्सप्रेस को व्हाया सिवनी, छिन्दवाड़ा सप्ताह में 3 दिन चलाया जाये, इंदौर, छिन्दवाड़ा, सिवनी, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, रायपुर तक ट्रेन चलाई जाये। ट्रेन

मंडला फोर्ट ट्रेन को बैतूल तक बढ़ाकर चलाया जाए। जबलपुर, नैनपुर, सिवनी, छिन्दवाड़ा होते हुए एक पैसेंजन ट्रेन अपडाउन चलाई जाए। छिन्दवाड़ा, नैनपुर के अतिरिक्त एक-एक चक्कर चलाई जाए, दयोदय एक्सप्रेस को जबलपुर से छिन्दवाड़ा तक चलाई जाए, इंदौर छिन्दवाड़ा पेंचवती टेªन को रात्रि के समय सिवनी से चलाई जाए।

छिन्दवाड़ा, सिवनी, नैनपुर, मंडला, घंसौर, बालाघाट, गोंदिया तक जबलपुर रेल लाईन वर्तमान में एक मार्ग सिंगल लाईन निर्माण का कार्य किया गया है इस लाईन पर यातायात का भारी दबाव होने के कारण दक्षिण भारत को उत्तर भारत को जोड़ने का एक मात्र रेल मार्ग यही है इस मार्ग को अतिशीघ्र्र दोहरीकरण किया जाए। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का रेल मंडल कार्यालय नागपुर में स्थित है जबकि इस रेल मंडल का 90 प्रतिशत कार्यक्षेत्र मध्यप्रदेश में स्थित है अतः इस मंडल कार्यालय को स्थानांतरण कर सिवनी जिला मुख्यालय में स्थापित किया जाए। गतिशक्ति योजना अन्तर्गत कोटेशन आधारित बगैर निविदा के जो भी कार्य सिवनी रेल्वे स्टेशन में कराये गये है उसमें भारी भ्रष्टाचार किया गया है तत्संबध में किये गये विगत 6 माह के दौरान कार्यो की की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाए। स्टेशन परिक्षेत्र में कार्य कर रहें माल धक्का मजदूरों का ईपीएफ नम्बर अनिवार्य किया जाए।

कार्यक्रम में विनोद यादव, नईम खान, गेंदलाल भलावी, धुरवनारायण चौधरी, रंजीत परिहार, मुन्नालाल यादव, विनोद नाग सहित बडी संख्या में रेल संघर्ष समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

## नगर पालिका परिषद द्वारा दुकानों के सामने गंदगी फैलाने पर की गई चालानी कार्यवाही

**22 मई 2025 को मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री विशाल सिंह मस्कोले के निर्देशन में नगर पालिका स्वास्थ्य विभाग अमले के द्वारा दादू धर्मशाला, भगत सिंह वार्ड सिवनी स्थित दुकानों का निरीक्षण किया गया।**



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि दुकानदार द्वारा दुकानों के सामने पालीथिन व अन्य सामग्री फेंकी गई है। जिस पर स्वास्थ्य विभाग के अमले स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री अभय बघेल, संबंधित वार्ड के प्रभारी रितेश डागोर और योगेश लाहोरिया द्वारा सफाई का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों जिसमें प्रतीक सदाफल, नीरज किराना दुकान, राजेश किराना, निखिल हिन्दुजा एवं जय गणेश किराना दुकान के उपर सड़को में गंदगी फैलाने पर 100-100 का जुर्माना लगाया गया कुल 500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई।

वहीं सायं के समय चौपाटी क्षेत्र में स्वच्छता पर्यवेक्षक सुंशात पांडे, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक राज पवमें, वार्ड प्रभारी नीरज गोदरे, पन्ना बघेले एवं तुलसी करोसिया द्वारा दुकानों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान दुकानों के सामने गंदगी पाये जाने पर 19 दुकानदारों पर कुल 1900 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई एवं उन्हे गंदगी न करने की समझाईश भी दी गई। इस प्रकार जोन 01 एवं जोन 02 में कुल 2400 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। सीएमओ विशाल सिंह मस्कोले ने नगर वासियों एवं दुकानदारों से अपील की है कि सड़को में गंदगी न फैलाये नगर को स्वच्छत एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करें सफाई का उल्लंघन करने पर यह चालानी कार्यवाही की जावेगी।

## डुण्डासिवनी पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 20/05/2025 को ग्राम बाडीबाडा में एक युवक का रक्त रंजित शव उसके घर के आंगन में प्रातः 06.00 बजे मिला था जो मृतक रामप्रसाद उर्फ कल्लू यादव पिता साहबलाल यादव उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम बाडीबाडा थाना डूंडासिवनी अपने घर में अपनी मां एवं भाई के साथ रहता था मृतक अविवाहित था जो मजदूरी कर अपनी गुजर वसर करता था विगत रात्री किसी अज्ञात व्यक्ति व्दारा सोते हुए उक्त व्यक्ति पर पत्थर पटककर हत्या करने के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई थी, जो सूचना से वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व्दारा घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पतासाजी हेतु निर्देशित किया गया जो एएसपी गुरुदत्त शर्मा के निर्देशन में, एंव सीएसपी श्रीमती पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में घटनास्थल ग्राम बाडीबाडा के आसपास घटनास्थल का निरीक्षण किया जाकर एफएसएल टीम एवं डाग स्काट टीम से निरीक्षण कराया गया व पतासाजी करते यह जानकारी प्राप्त हुई कि मृतक का विगत एक दिन पहले मामूली सी बात पर गांव के ही विनोद परते से नाले के पास विवाद हुआ था जिस पर से मृतक को दिन में भी चोटे आई थी परतुं मृतक व्दारा कहा गया कि मैं कल तुम्हारी रिपोर्ट थाना करने जाउँगा जो मृतक अपने घर के आंगन के सामने सो रहा था जो आरोपी विनोद परते के द्वारा अंधेरा का फायदा उठाते हुए रामप्रसाद यादव पर पत्थर पटककर हत्या कर दी।

## शनि जयंती पर अभिषेक पूजन भंडारे का आयोजन 27 को



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्री शनिमंदिर छिंदवाडा रोड के स्थापना दिवस व शनि जन्मोत्सव के अवसर पर श्री शनि मंदिर छिंदवाडा रोड रेल्वे क्रासिंग के पास सिवनी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री शनि जयंती एवं स्थापना दिवस 27 मई दिन मंगलवार तिथि अमावस्या को मनाई जायेगी। मंदिर के संचालक/व्यवस्थापक जगदीश गुप्ता ने बताया कि 27 मई प्रातः 5:30 बजे गणेश पूजन 6:30 बजे हनुमान जी का सहस्त्रार्चन अभिषेक (तेल) किया जायेगा इन कार्यक्रम में सभी धर्म प्रेमी शामिल होगें सुबह 8:30 बजे शनि महामंत्रो का जाप किया जायेगा, दोपहर 3 बजे से हवन कार्यक्रम किया जायेगा, रात्रि 7:30 बजे से महाप्रसाद एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## करननाथ हत्याकांड में पुलिस की संदिग्ध चुप्पी और निष्क्रियता!

# तीन माह बीत जाने के बाद भी न्याय की राह देख रहा परिवार

### केवलारी में फुर्ती से कार्रवाई हो सकती है, तो फिर उगली हत्याकांड में यह सुस्ती क्यों?

### 181, सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराई शिकायत

**सिवनी/उगली।** उगली थाना क्षेत्र में घटित करननाथ गायधने हत्याकांड को लेकर अब जनआक्रोश पनपने लगा है। ग्राम मोहबर्रा निवासी मृतक के पिता श्यामनाथ गायधने ने पुलिस की लापरवाही और निष्क्रियता को लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत का पंजीयन क्रमांक 32396343 है। परिजनों का कहना है कि घटना के तीन महीने बीत जाने के बाद भी न तो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और न ही विवेचना में कोई ठोस प्रगति हुई है।

**मृतक का परिवार अभी भी न्याय की राह देख रहा:** मृतक करननाथ गायधने के परिजन न्याय की उम्मीद में आज भी मायूस और शोक में डूबे हुए हैं। उनके अनुसार, पुलिस की निष्क्रियता और असंवेदनशील रवैये ने उन्हें अंदर से तोड़ दिया है। एक चिराग जो घर को रोशन करता था, अचानक बुझ गया लेकिन स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

इससे पहले, श्यामनाथ गायधने द्वारा जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में भी आवेदन प्रस्तुत किया गया था। साथ ही, उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी से भी मुलाकात की थी। अधिकारियों ने तब यह कहा था कि वर्तमान में सूक्ष्मता से जांच की जा रही है, रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी। लेकिन आज भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### जुड़ा केवलारी की ताजा घटना से यह मामला-

पिछले दिनों केवलारी मुख्यालय में हुए दोहरे हत्याकांड में जब परिजनों ने विरोध और आक्रोश जताया, तब पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीआई श्री उइके को लाइन अटैच कर दिया और 48 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी भी कर ली गई।

### फरवरी में बरामद हुआ था शव, लेकिन कार्रवाई नहीं

करननाथ गायधने का शव फरवरी माह में एक कुएं से विक्षिप्त अवस्था में बरामद हुआ था। परिजनों ने तत्काल थाना उगली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। शव मिलने के 5 दिन पहले से युवक लापता था। जब शव गांव लाया गया, तब गांव की महिलाओं ने थाना प्रभारी के खिलाफ विरोध जताया और आक्रोश प्रकट किया। इस पूरे प्रकरण में पुलिस की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। न केवल विवेचना में ढिलाई, बल्कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं जिससे यह संदेह और भी गहरा हो गया है कि कहीं न कहीं स्थानीय पुलिस अपराधियों को संरक्षण दे रही है।

### परिवार की चेतावनी और प्रशासन से अपेक्षा-

मृतक के परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय न मिला, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। यह मामला अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है और आम जनता यह पूछ रही है कि जब केवलारी में फुर्ती से कार्रवाई हो सकती है, तो फिर उगली हत्याकांड में यह सुस्ती क्यों? अब जनता और परिजन दोनों की निगाहें जिला प्रशासन व पुलिस अधीक्षक पर टिकी हैं। उन्हें उम्मीद है कि जल्द से जल्द कार्रवाई कर मृतक के परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

### इनका कहना है.

पुलिस अधिक्षक सुनील कुमार मेहता 9575575575 पर बात करने पर बताया की केवलारी में थाना प्रभारी को दुसरे कारण से लाइन अटेच किया गया है, केवलारी में हुए मर्डर मामले के कारण नहीं और करननाथ के परिजन मुझसे आकर मिले. कार्वाही क्या हो रही है, बता देंगे.अभी जांच जारी है।

पुलिस अधिक्षक सुनील कुमार मेहता, सिवनी

### यातायात नियमों का उल्लंघन पर हुई कार्रवाई

## यातायात विभाग : 21 बसों से 10,500 रुपए का जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में बुधवार को यातायात विभाग ने गुरुवार को स्कूली और यात्री बसों की जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान बसों में बीमा और फिटनेस तो मिली। लेकिन अग्निशमन यंत्र और मेडिकल किट नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली 21 बसों से 10,500 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा और उनकी टीम ने एक सप्ताह पहले भी विभाग ने यात्री बसों की जांच की थी। तब कई बसें बिना फिटनेस और बीमा के सड़कों पर चल रही थीं। एक हफ्ते बाद भी यातायात नियमों का उल्लंघन जारी मिला।

### पति ने पत्नी का शव लेने से इनकार किया, पुलिस ने बेटों को सौंपा

## महिला और पुरुष की संदिग्ध हालात में मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट में गुरुवार को दो अलग-अलग जगह एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। हालांकि, मौत कैसे हुई? यह साफ नहीं हुआ है। महिला ने जिला अस्पताल में दम तोड़ा तो पुरुष का शव नए राम मंदिर के पास पूर्व पार्षद सुनील खोटेले के घर के सामने मिला। जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराया। कोतवाली थाना पुलिस इनकी जांच करेगी।**



पहला मामला महिला भारती पति संदीप बचलवार का है। 39 वर्षीय इस महिला को दो दिन पहले तबीयत खराब होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसकी बुधवार देर रात मौत हो गई। पुलिस ने शव की शिनाख्ती के लिए परिजनों की तलाश की। इसी दौरान पुलिस को उसके बेटे मिले, जिसने महिला की पहचान भारती बचलवार के रूप में की। हालांकि पत्नी की मौत के बाद पति ने शव लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद महिला का शव उसके बेटों को सौंप दिया गया।

दूसरा मामला गुरुवार सुबह का है। एक अधेड़ व्यक्ति का संदिग्ध अवस्था में शव नए राम मंदिर के पास निवासरत पूर्व पार्षद सुनील खोटेले के घर के सामने मिला। उसकी पहचान वार्ड नंबर 19 निवासी 54 वर्षीय महेंद्र पिपलेवार के रूप में हुई। बताया जाता है कि महेंद्र पिपलेवार अविवाहित था। वह शराब पीने का आदी था। वह अकसर घर से बाहर रहता था। बाहर घूमकर ही खाना-पीना करता था। गुरुवार सुबह राम मंदिर के पास गिरा देखा गया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## रेलवे स्टेशन फीडर में सुबह 8 से 9 बजे तक बिजली बंद रहेगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में बारिश के मौसम से पहले बिजली विभाग 23 मई को दो फीडरों में ट्रांसफॉर्मर बदलने का काम करेगा। मोतीनगर स्थित 33/11 केवी सबस्टेशन से जुड़े रेलवे स्टेशन फीडर में सुबह 8 से 9 बजे तक बिजली बंद रहेगी। मोती नगर फीडर में सुबह 9 से 11 बजे तक आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर यह समय घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

बिजली कटौती से प्रभावित क्षेत्रों में हीरो सर्विस सेंटर, शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर, नर्मदा नगर और एचपी गैस एजेंसी शामिल हैं। इसके अलावा बर्फ फैक्टरी, शारदा नगर, परमार उद्योग, सरस्वती नगर और विवेकानंद कॉलोनी भी प्रभावित होंगे। राधाकृष्ण स्कूल, गुजराती समाजवाड़ी, स्नेह नगर, वैध लॉन और गणपति हॉस्पिटल में भी बिजली नहीं रहेगी। बब्बू टायर, आरोग्य हॉस्पिटल, गोंदिया रोड, गुरुनानक पेट्रोल पंप और प्रकाश टायर के साथ केशर प्लाजा क्षेत्र में भी कटौती रहेगी। हनुमान चौक, रेलवे स्टेशन रोड, पुराना पंजाब बैंक, धनराज कॉम्प्लेक्स, बाघरेचा कॉम्प्लेक्स और एचटी रेलवे क्षेत्र भी प्रभावित होंगे।

### स्थानांतरण नीति का पालन करते हुए होंगे ट्रांसफर

## कलेक्टर मीना ने की ट्रान्सफर नीति के तहत आवेदनों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मप्र शासन द्वारा जारी स्थानांतरण नीति के बाद जिला स्तर पर ट्रांसफर की प्रक्रिया तेज हो गई है। गुरुवार को कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिला स्तर पर होने वाले तबादलों के सम्बंध में विभागों के साथ समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ठ रूप से कहा कि शासन की नीति के अनुरूप ही ट्रांसफर किये जायें। साथ ही प्रकिया भी उसी अनुरूप हो। शिक्षा विभाग में 143 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने बताया कि सभी शिक्षकों को मोबाइल पर ट्रांसफर के सम्बंध में मैसेज किये गए है। उसी अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए है। स्वास्थ्य विभाग में 100 आवेदन प्राप्त हुए है। वही वन विभाग में 212,जनजाति कार्य विभाग में 360, जिला पंचायत में 171, राजस्व विभाग में संविलियन के तहत 122 के अलावा तहसीलदारों व पटवारियों के प्रशासनिक आधार पर भी ट्रांसफर किये जा सकेंगे। कृषि विभाग में 29 आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए है कि आवेदन प्राप्त होने के पश्चात फाइल प्रस्तुत कर भोपाल भेजने की तैयारी की जाए। साथ ही कलेक्टर श्री मीना ने अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे को निर्देश दिए है कि स्थानीय कार्यालय में भी कुछ शाखाओं के ट्रांसफर जायज है तो प्रक्रिया अपनाते हुए कार्यवाही करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, संयुक्त कलेक्टर व जनजाति कार्य विभाग के प्रभारी सहायक आयुक्त श्री राहुल नायक, जिला योजना अधिकारी श्री बीएल राहागंडाले सहित अन्य जिला अधिकारी मौजुद रहें।

## विकासखण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक हुई सम्पन्न

**बालाघाट।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामगोपाल यादव की अध्यक्षता में बुधवार को विकासखण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन लांजी जनपद पंचायत के सभाहाल में किया गया। बैठक में आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित महिला स्व सहायता समूहों के लिए बैंक ऋण, मुद्रा लोन और नए स्व सहायता समूहों के खाते खोलने से संबंधित चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए 962 स्व सहायता समूहों को 37.16 करोड़ रुपये का ऋण वितरण और मुद्रा लोन के तहत 579 हितग्राहियों को 5.79 करोड़ रुपये का ऋण वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे पीएम अटल पेंशन योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना आदि के बारे में भी चर्चा की गई और लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए निर्देश दिए गए। इस दौरान संजीव कुमार, रोशन महाजन, राजाराम परते, निलेश सुलखे, एसबी भोंडेकर उपस्थित रहे।



### वन विभाग ने 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार

## शिकारियों ने पानी में यूरिया मिलाकर चीतल को मारा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के दक्षिण सामान्य वनमंडल के लालबर्रा इलाके में 7 वर्षीय नर चीतल का शिकार करने का मामला सामने आया है। वन विभाग ने इस मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आठवां आरोपी फरार है।

घटना नवेगांव बीट की है। शिकारियों ने बुधवार रात पानी में यूरिया मिलाकर चीतल को मारा। इसके बाद उन्होंने चीतल की सींग और खाल निकाली। वे मांस को बोरियों में भरने की तैयारी कर रहे थे।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम पहुंची। टीम ने दो आरोपियों को तुरंत पकड़ लिया। उनके पास से चीतल का मांस, 2 कुल्हाड़ी और 2 चाकू मिले। बाकी आरोपी मौके से भाग गए। वन विभाग की टीम ने पूरी रात छापेमारी कर पांच और आरोपियों को पकड़ा।




गिरफ्तार आरोपियों में टेकाड़ी निवासी गणेश अहीर (45), मोहनलाल मरार (52), चिचगांव निवासी आनंद गोंड (35), श्यामराव गोंड (40), धर्मेन्द्र कतिया (30), खैरगोंदी निवासी कृष्णकुमार गोंड (36) और राकेश गोंड (26) शामिल हैं।

सभी आरोपियों के खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत केस दर्ज किया गया है। गुरुवार को उन्हें वारासिवनी की अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। परिक्षेत्र अधिकारी हर्षित सक्सेना के अनुसार, फरार आरोपी की तलाश जारी है।

वन विभाग के अनुसार, कुछ वर्षों से सोनेवानी क्षेत्र में वन्यप्राणियों की संख्या बढ़ी है। कुछ असामाजिक तत्व इसका फायदा उठाकर वन्यप्राणियों का शिकार कर रहे हैं।

## शौर्य यात्रा : महिलाएं दो पहिया वाहन से शामिल हुईं; सेना की रक्षा के लिए किया पाठ



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में पहलगाम आतंकी हमले के एक माह पूरे होने पर राष्ट्र सेविका समिति और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने शौर्य सम्मान यात्रा निकाली। गुरुवार शाम 5 बजे नए राममंदिर से यात्रा शुरू हुई। यात्रा से पहले महिलाओं ने सेना की रक्षा के लिए हनुमान चालीसा और रामरक्षा सूत्र का पाठ किया।

यात्रा नए श्रीराम मंदिर से अंबेडकर चौक, काली पुतली चौक, मेन रोड होते हुए हनुमान चौक तक पहुंची। यात्रा में केवल महिलाओं ने भाग लिया।

मंदिर में आयोजित संगोष्ठी में शिक्षाविद् लता एलकर और समाजसेवी सृष्टि अंधारे ने ऑपरेशन सिंदूर में महिला अधिकारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। राष्ट्र सेविका समिति की प्रतिनिधि स्वाति जोशी ने बताया कि यह आयोजन सेना के शौर्य और पराक्रम को सम्मान देने के लिए किया गया।

## पीएम आवास राशि लेने के बाद भी पूरा नहीं किया आवास, अब आरआरसी जारी कर होगी वसूली

### नगर पालिका ने जारी किए थे नोटिस, दिया था 3 दिनों का समय

**4 करोड 74 लाख 50 हजार रुपये पीएम आवास योजना के वापस करना है या आवास पूर्ण**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली, दूसरी ओर तीसरी क़स्ति लेने के बाद भी आवास पूरा नही कर पाएं हितग्राहियों से राशि वापस लेने के लिए नगर पालिका बड़ी कार्यवाही की ओर बढ़ रहा है। बालाघाट नगर पालिका की प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के हितग्राहियों को नगर पालिका द्वारा दूसरी क़स्ति लेने वाले 146 हितग्राही और तीसरी क़स्ति लेने वाले 73 हितग्राही है, 2-2 लाख व 2.50-2.50 लाख रुपये प्राप्त करने के बाद भी आवास पूरा नही कर सकें। नगर पालिका सीएमओ श्री बीडी कतरोलिया ने बताया कि नगर के 219 हितग्राहियों को करीब एक साल पहले राशि वापस करने के नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद अब तक न तो आवास पूरा किया और न ही राशि जमा की। अब नगर पालिका द्वारा आरआरसी जारी कर वसूली की जाएगी। ज्ञात हो कि नगर पालिका ने बीएलसी घटक अंतर्गत 146 हितग्राहियों को द्वितीय क़स्ति के रूप में कुल 29200000 और तृतीय क़स्ति के 18250000 रुपये का लाभ दिया जा चुका है। इस तरह नपा ने 219 हितग्राहियों को 4 करोड़ 74 लाख 50 हजार रुपये योजना में दिए है।

### हितग्राहियों व नपा के पास दो-दो विकल्प

नपा सीएमओ श्री कतरोलिया ने कहा कि 219 हितग्राहियों को योजना के तहत दी गई राशि से आवास पूरा करें या राशि वापस करना होगी। अगर ऐसा नही होता है तो एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। इसी तरह हितग्राहियों को ऐसी स्थिति निर्मित न हो इसके लिए आवास पूरा कर सूचित करें या ली गई राशि वापस करनी होगी। जहां तक वसूली की बात है तो अब आगे तहसीलदार को नगर पालिका द्वारा वसूली योग्य हितग्राहियों की सूची सौपनी होगी। उसके बाद तहसीलदार द्वारा एमपीएलआरसी के तहत धारा-164 में नोटिस जारी कर सूचित किया जाएगा।

## तीन सैकड़ा नेत्र रोगियों की हुई जांच, 35 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित, भोजन वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



गुरुवार को जिला अस्पताल में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर एवं भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन महावीर युवा मंडल एवं महावीर इंटरनेशनल केन्द्र बालाघाट द्वारा सुबह 11 बजे से अपरान्ह तक आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्व. कमलादेवी पति स्व.कस्तूरंचद वैद्य की पुण्य स्मृति में पुत्र मोहन वैद्य, सोहन वैद्य, पुखराज वैद्य, रमेश नारद वैद्य द्वारा अस्पताल परिसर में निःशुल्क भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर करीब सात सैकड़ा से भी अधिक लोगों ने भोजन ग्रहण किया। वहीं जिले भर से आए नेत्र रोगियों की नेत्र विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान करीब 35 मरीजों मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए।

**मातोश्री की स्मृति में आयोजित किया शिविर:** इस शिविर के दौरान नेत्र रोगियों को चश्मा एवं दवाईयों का भी निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर प्रायोजक एवं महावीर इंटरनेशनल केन्द्र के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सोहन वैद्य ने शिविर के संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए बताया कि पीड़ति मानवता की सेवा को लेकर समय-समय पर संस्था द्वारा शिविर का आयोजन किया जाता आ रहा है। 22 मई को मातोश्री कमलादेवी वैद्य की प्रथम पुण्यस्मृति पर निःशुल्क नेत्र शिविर के साथ भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा शिविर में दूर-दराज समेत बालाघाट मुख्यालय से पहुंचे मरीजों एवं उनके नाते रिश्तेदारों के लिए बेहतर सुविधा की गई थी। दूर-दराज से भूखे प्यास आए आम लोगों के लिए भी भोजन की व्यवस्था की गई थी।

### हर जरुरतमंदो को मिले सहायता, कोई भी न रहे भूखा

बतादें कि जिला अस्पताल में हर मंगलवार को समाजसेवी संस्थाओं के साथ ही समाजसेवियों द्वारा निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता आ रहा है। अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं रोगियों को किसी प्रकार की कोई कमी महसूस न हो इसके लिए बकायदा मरीजों की सेवा की जाती है, वहीं यहां पर आने वाले लोगों को भरपेट भोजन भी कराया जाता आ रहा है। पुण्याई का यह सिलसिला विगत कुछ दिनों से अनवरत देखने को मिल रहा है। धीरे-धीरे इसमें विस्तार देखने को मिल रहा है, और लोग अपनी सहभागिता दर्ज कराते आ रहे है।

### दिन-दुखियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य

महावीर इंटरनेशनल के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सोहन वैद्य ने कहा कि दिन, दुखियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने का उनके जीवन का यही लक्ष्य रहा है कि वे हर संभव पीड़ति मानवता की सेवा में तत्पर रहते आ रहे है। उन्होंने कहा आगामी समय पर पीड़ति मानवता की सेवार्थ और भी निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला अस्पताल के चिकित्सकों के साथ ही नगर में प्रबुद्धजनों ने भी अपने सहभागिता दर्ज कराई।

### 111 महिलाओं व पुरुषों ने कराई स्वास्थ्य जांच, पायी निःशुल्क दवाइयां

## प्रशासन राष्ट्रीय बीमा योजनाओं का लाभ देने के लिए पात्र हितग्राहियों तक पहुँचा गांव, 103 महिलाओं ने दी सहमति

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट विकासखंड के कुम्हारी पंचायत में जिला प्रशासन के हितग्राहीमूलक योजना संचालित करने वाले विभागों ने शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में जिला पंचायत द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्य प्रारम्भ किया गया। जिसमें राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। यह प्रयास महिला बाल विकास, बैंक और पंचायत के अमले द्वारा क्रियान्वित हुआ। यहाँ गांव की सखी सहेलियां रूपलता, फुलेश्वरी, रंजना, निशा, सपना, ललिता सहित 103 महिलाओं ने जीवन ज्योति बीमा, सामाजिक सुरक्षा और अटल पेंशन योजना में आवेदन कर अपनी सहमति दी। इसके अलावा इस शिविर और भी कई ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों ने शिविर का लाभ उठाया। दूसरी ओर कई विभागों की योजनाओँ से लाभान्वित करने के लिए पात्र हितग्राहियों तक पहुँच हो सकी। जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती ममता कुलस्ते ने बताया कि शिविर में अलग-अलग विभागों के स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त करने के साथ ही योजनाओँ की जानकारियां दी गई। जानकारियों में मुख्य रूप से विभागों ने योजनाओँ का लाभ लेने की पात्रता के बारे में बताया। विकासखंड स्तरीय शिविर कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना भी पहुँचे। उन्होंने भी महिलाओं को बीमा योजनाओं सहित स्वास्थ्य जांच व विभिन्न स्टॉल्स पर इ-केवायसी, आधार बनाने, समग्र आईडी सहित अन्य योजनाओं से जुड़े कार्यो के लिए आवेदन करने को कहा। इस दौरान आईएएस श्री विशेष गड़पाले, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, संयुक्त कलेक्टर श्री केसी ठाकुर,तहसीलदार श्री भूपेंद्र अहिरवार, जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे, सरपंच सावन पिछोड़े व विकासखंड का अमला मौजूद रहा।

शिविर में कई योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही सेवाएं भी प्रदान की गई।शिविर में 111 महिला व पुरुषों ने स्वास्थ्य जांच कराई साथ ही आवश्यक होने पर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इसके अलावा 46 आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया की गई। 18 लाड़ली लक्ष्मी, 29 मातृ वंदना योजना, 21 पीएम किसान सम्मान निधि के लिए,65 ई-केवायसी,7 पीएम आवास, 17 पेंशन,59 संबल व श्रमिको का पंजीयन कराया गया। इसके अलावा राशन कार्ड, बीपीएल, शौचालय आदि के आवेदन प्राप्त किये गए।

शिविर के दौरान महिलाओं ने राष्ट्रीय बीमा योजनाओं में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई। यहां जीवन ज्योति बीमा योजना के 37, सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना में 27 और अटल पेंशन योजना में 39 महिलाओं व पुरुषों ने सहमति दी।